






**ECMS द्वारा आयोजित**

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में दिया गया स्वस्थ व संयमित जीवन शैली अपनाने का संदेश

दी एजुकेशन कमेटी ऑफ द माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर द्वारा 21 जून, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री माहेश्वरी सीनियर सैकंडरी स्कूल, तिलक नगर के प्रांगण में **'योग, स्वयं के साथ-साथ समाज के लिए भी'** थीम पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ सम्मानित अतिथि श्री दीपक जी माहेश्वरी, भूतपूर्व जज, राजस्थान हाई कोर्ट, श्री त्रिपुरारि जी शर्मा, सीनियर फैकल्टी, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था, राजस्थान, दी एजुकेशन कमेटी ऑफ द माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष श्री केदारमल जी भाला, महासचिव शिक्षा श्री मधुसूदन जी बिहानी, समाज उपाध्यक्ष श्री संजय जी माहेश्वरी, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर के मानद् सचिव सीए. गणेश बांगड़ तथा सभी विद्यालयों के मानद् सचिव व भवन मंत्रियों द्वारा किया गया। **'योगः कर्मसु कौशलम्'** की सूक्ति को चरितार्थ करते हुए शिक्षा समिति द्वारा संचालित विविध शिक्षण संस्थाओं के 1100 से अधिक स्टॉफ सदस्यों ने इस सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री केदारमल जी भाला द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। आमंत्रित अतिथि महोदय ने अपने उद्‌बोधन में शिक्षकों के साथ संवाद करते हुए बताया कि आज की व्यस्ततम जीवन शैली में हमारी प्राचीन संपदा योग ही समस्त रोगों से मुक्ति का एकमात्र उपाय है। उन्होंने कहा कि योग उस संगीत की तरह है, जिसमें शरीर की लय और मन की मधुरता आत्मा के सद्‌भाव के साथ मिलकर जीवन को एक सुर में पिरोते हैं, अतः मानव मात्र को योग के दिव्य प्रकाश से अपने अंतर्मन को अवश्य आलोकित करना चाहिए।

इस विशेष अवसर पर माहेश्वरी शिक्षा समिति के महासचिव शिक्षा श्री मधुसूदन जी बिहानी ने कहा कि माहेश्वरी शिक्षा समिति का उद्देश्य प्रारंभ से ही स्वस्थ, संस्कारी तथा कर्त्तव्यनिष्ठ नागरिक तैयार करना रहा है। शिक्षकगण तथा उनके माध्यम से विद्यार्थियों को योग की शिक्षा देना, इसी विराट उद्देश्य की सफलता में किया गया यह एक सार्थक प्रयास है।

आध्यात्मिक संगीत की ध्वनियों के साथ आयोजित इस योग कार्यक्रम में प्रार्थना, ध्यान व विविध योगासनों के माध्यम से एक सकारात्मक एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर समाज उपाध्यक्ष श्री संजय जी माहेश्वरी ने योग की नवीन पद्धतियों के उपयोगी प्रयोग कराए, जो कि शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा को बहुगुणित करने वाले थे। एमपीएस, प्रताप नगर के विद्यार्थियों ने योग प्रशिक्षक श्री महेंद्र सिंह राव के कुशल निर्देशन में योगासनों की कलात्मक प्रस्तुति देकर सभी को सकारात्मक प्रेरणा भी प्रदान की।

कार्यक्रम के अंत में माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर के मानद् सचिव सीए. गणेश बांगड़ ने कार्यक्रम में पधारे सभी विद्यालयों के प्राचार्यों, समस्त स्टाफ सदस्यों, समाज बंधुओं, अतिथिगण, मीडिया समूह व सभी सक्रिय कारकों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संपूर्ण संयोजन व संचालन माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर द्वारा किया गया।


















## दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# श्री माहेश्वरी उच्च माध्यमिक विद्यालय, तिलक नगर ✆ 2624400, 2620541

### स्वर्ण पदक जीतकर किया गौरवान्वित

ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया, राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में आयोजित 5वीं भगवान महावीर ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 में व्यक्तिगत रूप से वरिष्ठ श्रेणी के अंडर-80 वर्ग में विद्यालय के छात्र आदी शर्मा व अंडर-60 वर्ग में पीयूष पुरी ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

### विविध प्रतियोगिताओं में उत्साहित होकर निभाई भागीदारी



'एनईपी-2020- विकसित भारत के लिए एक दृष्टिकोण' शीर्षक के अंतर्गत जून माह में प्राइमरी ग्रुप हेतु अनुच्छेद लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 5A1 की काशवी खंडेलवाल, मिडिल ग्रुप हेतु निबंध लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 8A2 की दीक्षिका विजय, सैकण्डरी वर्ग हेतु पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 10A4 की कृति सैनी तथा सीनियर



सैकण्डरी वर्ग हेतु आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 12A1 के सौरभ खंडेलवाल विजेता रहे।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो व सीबीएसई के निर्देशन में 'ड्रग-फ्री-इंडिया' अभियान के तहत 25 जून को कक्षा 6 से 8 के लिए- निबंध लेखन प्रतियोगिता में ग्रीन हाउस की गौरी शर्मा, कक्षा 9 व 10 के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में ग्रीन हाउस के तनिष्क अग्रवाल विजयी रहे। इस अवसर पर इंटरेक्ट क्लब द्वारा कक्षा 11 व 12 के लिए नुक्कड़ नाटक गतिविधि का आयोजन भी किया गया।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अन्तर्गत नगर निगम, जयपुर की ओर से वर्षपर्यंत चलने वाली प्रतियोगिताओं में वरिष्ठ वर्ग की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा 12A7 की सोनाली जांगिड, कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 10A4 की आराध्या साहू तथा उपकनिष्ठ वर्ग में कक्षा 6A1 की विदुषी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अंत: सदन प्रतियोगिताओं में 28 जून को प्राथमिक वर्ग की कर्सिव राइटिंग प्रतियोगिता में ग्रुप ए में रेड हाउस की डेज़ी कुमावत और ग्रुप बी में रेड-हाउस की भाविका विजेता रहीं।

### सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन



29 जून को लाहोटी सभागार में श्री बनवारी लाल जाँगिड़ के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में महासचिव शिक्षा श्री मधुसूदन बिहानी ने उनके सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं। मानद् सचिव श्री कमल किशोर साबू ने श्री बनवारी लाल का माल्यार्पण कर, शॉल एवं श्रीफल द्वारा अभिनंदन किया तथा उनके परिजनों का पुष्पाहार द्वारा स्वागत किया। मंचासीन प्रबुद्धजन ने श्री बनवारी लाल को श्रीमद् भगवत गीता की प्रति, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए उनके दीर्घायु जीवन व उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएँ प्रेषित कीं।

# एमपीएस संस्कृति, तिलक नगर





### स्विमिंग पूल का उद्घाटन

नव निर्मित स्विमिंग पूल का उद्घाटन 26 जून को मानद् सचिव श्री कमल किशोर साबू द्वारा फ़ीता काटकर तथा भवन मंत्री श्री द्वारका दास नोवाल व प्रबंध समिति सदस्य श्री मनीष बाहेती द्वारा नारियल फोड़कर तथा श्रीमती प्रिंसी मंडोवरा द्वारा स्वास्तिक बनाकर किया गया। लेवल के अनुसार सभी बच्चों ने पूल पार्टी का आनंद उठाया। भविष्य में आयोजित होने वाली पूल गतिविधियों द्वारा प्री प्राइमरी के नन्हें-मुन्ने जल सुरक्षा संबंधी नियमों से अवगत होने के साथ शारीरिक व मानसिक रूप से भी लाभान्वित होंगे।








### ओरिगेमी व कॉर्न क्राफ्ट एक्टिविटी आयोजित

24 जून को लेवल 2 के बच्चों की मानसिक एकाग्रता और मोटर कौशल विकसित करने के लिए ओरिगेमी एक्टिविटी आयोजित की गई। जिसमें बच्चों से कागज़ की शीट द्वारा विशिष्ट आकृतियाँ बनवाई गईं। लेवल 3 के बच्चों द्वारा कॉर्न शेप कटआउट पर व्हाइट पेपर से मकई के दाने जैसा 3 डी इफेक्ट देकर कलरिंग करवाई गई, जिसका उद्देश्य हाथ की उंगलियों की मांसपेशियों का विकास कर आँख व हाथ के तालमेल का अभ्यास करवाना था।









### फिंगर पेंटिंग एक्टिविटी द्वारा सिखाया कोर्डिनेशन

लेवल 1 के नन्हे-मुन्नों के सूक्ष्म मोटर कौशल एवं विजुअल और ऑडिटरी कॉर्डिनेशन के विकास हेतु 28 जून को फिंगर पेंटिंग एक्टिविटी का आयोजन किया गया।



## जेईई एडवांस्ड (IIT)- 2024 में विद्यालय के छात्रों ने साबित की श्रेष्ठता

जून माह में घोषित जेईई एडवांस्ड (IIT)-2024 के उत्तम परिणाम के साथ उत्तीर्ण होकर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में चयन के लिए स्वयं को योग्य सिद्ध करने वाले विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों ने यह साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत व लगन से निस्संदेह श्रेष्ठतम परिणाम प्राप्त किये जा सकते हैं। विद्यालय के प्रतिभावान छात्र चैतन्य माहेश्वरी (AIR 768), ऐशान भगत, लक्ष्य मित्तल, लक्ष्य तांबी, युवराज सैनी, वंश शर्मा और राघव गौर आदि ने अखिल भारतीय इस परीक्षा में सफल होकर कीर्ति पताका फहराई है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन श्री केदारमल जी भाला, वाइस चेयरमैन श्री बजरंगलाल जी बाहेती, महासचिव शिक्षा श्री मधुसूदन जी बिहाणी, मानद सचिव श्री सीए अमित जी गट्टानी, कोषाध्यक्ष श्री सीए अनिल कुमार जी सारड़ा, भवन मंत्री श्री सुमित जी काबरा व प्राचार्य श्री अशोक वैद ने विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाले इन सभी सफल छात्रों को बधाई व शुभकामनाएँ दीं।

## विद्यालय में मनाई गई महेश नवमी

प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की नवमी को महेश नवमी का उत्सव मनाया जाता है। माहेश्वरी समाज की वंशोत्पत्ति इसी दिन होने के कारण माहेश्वरी समाज द्वारा इसे महेश नवमी के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से भगवान महेश और माता पार्वती की आराधना को



समर्पित है। इसी उपलक्ष्य में विद्यालय के मानद सचिव श्री सीए अमित जी गट्टानी, प्राचार्य श्री अशोक जी वैद, प्रशासनिक अधिकारी श्री हेमंत जी असावा व विद्यालय-परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा विद्यालय के शिव-उद्यान में प्रतिष्ठित भगवान महेश की प्रतिमा की पूजा अर्चना की गई और उनकी कृपा प्राप्त की गई। इस मंगल अवसर पर ईसीएमएस के अध्यक्ष श्री चेयरमैन श्री केदारमल जी भाला, वाइस चेयरमैन श्री बजरंगलाल जी बाहेती, महासचिव शिक्षा श्री मधुसूदन जी बिहाणी, कोषाध्यक्ष श्री सीए अनिल कुमार जी सारड़ा, भवनमंत्री श्री सुमित जी काबरा ने शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

## सहायक कर्मचारी श्री लालचंद जी कुमावत की सेवानिवृत्ति



सहायक कर्मचारी श्री लालचंद जी कुमावत, जिन्होंने अपने जीवन के बेमिसाल 22 साल इस विद्यालय को समर्पित किए, जो कि विद्यालय के चहुँमुखी विकास के साक्षी हैं। विद्यालय की मूलभूत व आधारभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने में लालचंद जी की महती सहायक भूमिका रही है। फिर चाहे विद्यालय में उत्सव-महोत्सव या विशिष्ट कार्यक्रम का अवसर हो या आमतौर पर दैनिक गतिमान अनिवार्य कार्य। लालचंद जी सदा समर्पण भाव से, पूर्ण निष्ठा से, तन्मयता से, गंभीरता से, तत्परता से कार्यरत रहे। उनकी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में विद्यालय के तक्षशिला सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लालचंद जी समेत मानद सचिव श्री सीए अमित जी गट्टानी, प्राचार्य श्री अशोक वैद, उपप्राचार्य श्री डी डी पाठक मंचस्थ थे। सर्वप्रथम लालचंद जी व उनके परिवारजन का माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं और सहायक कर्मचारियों द्वारा भावभीना गीत प्रस्तुत किया गया। मानद सचिव श्री सीए अमित जी गट्टानी ने उनके भावी जीवन में सुख-समृद्धि की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। प्राचार्य जी ने प्रेरक प्रसंग बताते हुए लालचंद जी के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। उपप्राचार्य ने प्रशस्ति-पत्र का वाचन किया। अंत में लालचंद जी ने भावुक होकर प्रबंध समिति, विद्यालय-प्रशासन व प्राचार्य जी का आभार व्यक्त किया।

## छात्रों ने विभिन्न अंतरविद्यालयी प्रतियोगिताओं में अपनी सफलता का परचम फहराया

''इस पथ का उद्देश्य नहीं है, श्रांत भवन में टिके रहना।'' बस इसी संकल्प के साथ विद्यालय के विद्यार्थियों ने अनेक अंतरविद्यालयी सहशैक्षिक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जीत का परचम फहराया। दिनांक 19 मई को जयपुर में आयोजित दसवें राजस्थान स्टेट ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में अंडर-13 वर्ग में विद्यालय के छात्र मानस करमचंदानी ने प्रथम व यशस्व करमचंदानी ने अंडर-15 वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्रमशः स्वर्ण व रजत पदक जीता । 9 जून को अंतरविद्यालयी यूथ आइकॉन रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप, जयपुर-2024 में अंडर -9 वर्ग के तहत 200 मीटर व 400 मीटर स्केटिंग में विद्यालय की कक्षा-4 के शिवांग अरोड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिनांक 23 जून को एसआईएस स्कूल, मानसरोवर में आयोजित रोस्टिंग व्हील्स कॉम्पीटिशन में विद्यालय के कक्षा-5 के छात्र हिमांशु भगवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी विद्यार्थियों ने विविध स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी जीत दर्ज कराकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के मानद सचिव सीए श्री अमित जी गट्टानी, भवन मंत्री श्री सुमित जी काबरा व प्राचार्य श्री अशोक वैद ने सभी पुरस्कृत विजेता छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

## 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम के साथ छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**CLASS V BOARD RESULT SESSION 2023-24**

Total Appeared : 123

| Grade | A (81-100) | B (61-80) | C (41-60) |
|---|---|---|---|
| Students | 69 | 47 | 07 |

**CLASS VIII BOARD RESULT SESSION 2023-24**

Total Appeared : 195

| Grade | A (81-100) | B (61-80) | C (41-60) |
|---|---|---|---|
| Students | 102 | 90 | 03 |

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर द्वारा कक्षा 5वीं व 8वीं सत्र 2023-24 का बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। दोनों ही कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 5वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 123 तथा 8वीं कक्षा बोर्ड परीक्षा में कुल 195 छात्राएँ शामिल हुईं, सभी परीक्षार्थियों ने श्रेष्ठ अंकों के साथ सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। श्रेष्ठ ग्रेड अर्जित करने वाली मेधावी छात्राओं को मानद् सचिव श्री प्रकाश जी बिडला, विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य श्री पवन जी माहेश्वरी ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## योग दिवस 2024

योग वह क्रिया है जो न केवल मनुष्य को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करता है, यह वह मार्ग है जिससे मनुष्य परमात्मा से अपने आप को जोड़ता है। 21 जून, 2024 को 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी) जयपुर द्वारा संचालित समस्त शिक्षण संस्थानों का संयुक्त रूप से आयोजन MHS तिलक नगर के प्रांगण में किया गया। योग गुरुओं के मार्गदर्शन में विद्यालय के समस्त शिक्षकवृंद ने प्रत्यक्ष रूप से अपनी सहभागिता निभाते हुए विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास जैसे-सूर्य नमस्कार, प्राणायम आदि किए साथ ही मन की एकाग्रता को बढ़ाने के लिए ध्यान की अवस्था का अभ्यास किया। इसी क्रम में विद्यार्थी भी यू-ट्यूब के माध्यम से जुड़े।



## समाज स्थापना के शताब्दी वर्ष अमृत महोत्सव में मनाया गया महेश नवमी पर्व



15 जून, 2024 को श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के तत्वावधान में वंशोत्पत्ति दिवस महेश नवमी पावन शताब्दी अमृत महोत्सव के अन्तर्गत अत्यन्त हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। 100 वर्ष का सफर गौरवमय अनुभूति देने वाला है इन्हीं भावनाओं के चलते विद्यालय परिसर की अनुपम सजावट की गई। पधारे हुए पदाधिकारी गण, प्रबुद्धजन का तिलकार्चन व दुपट्टा पहनाकर स्वागत-सत्कार किया गया। इस पुनीत अवसर पर माँ सरस्वती व भगवान महेश की विधिवत् पूजा-अर्चना, आराधना की गई। उनका फूलों से नयनाभिराम शृंगार करते हुए भावमय भक्ति से रिझाया गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष श्री केदारमल जी भाला, उपाध्यक्ष श्री बजरंग लाल जी बाहेती, महामंत्री श्री मनोज जी मून्दड़ा, मानद् सचिव श्री प्रकाश जी बिड़ला, भवन मंत्री श्री प्रकाश जी काहल्या ने भगवान महेश के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए सतत् मेहनत, समर्पण और अपने विशिष्ट प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रतिष्ठा के शिखर पर पहुँचाने वाले समाज पुरखों, गणमान्य लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी को इस पर्व की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इसी दौरान समाज बंधुओं ने भगवान महेश के प्रति अपनी आस्था को प्रदर्शित करते हुए मानवता के कल्याण के लिए समर्पित रहने के संकल्प को दोहराया। सभी उपस्थित जन ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम को समापन की ओर ले जाते हुए कार्यवाहक प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी ने समस्त अतिथि गण का हृदय से आभार व्यक्त किया एवं जलपान के साथ कार्यक्रम संपादित हुआ।




## सड़क सुरक्षा एवं आत्मरक्षा निर्भया स्क्वाड ने दी सुरक्षा की ट्रेनिंग

यातायात पुलिस एवं जयपुर पुलिस की निर्भया स्क्वाड के तत्वावधान में छात्राओं को निडर व सशक्त बनाने की पहल को आगे बढ़ाते हुए कार्यशाला आयोजित की गई। छात्राओं को सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर जयपुर यातायात अधिकारी श्रीमती इंद्रा अहलावत उपस्थित रहीं जिन्होंने साइबर क्राइम जागरूकता अभियान व महिला गरिमा हेल्पलाइन संबंधी जानकारी प्रदान की। जयपुर पुलिस और निर्भया स्क्वाड की मास्टर ट्रेनर की ओर से सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया गया।

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विद्याधर नगर © 2236571, 2236588




## JEE Advance 2024 में लहराया परचम

सफलता के नये आयाम गढ़ते हुए mgps की छात्रा अवनी झालनी ने प्रतिष्ठित परीक्षा JEE Advance 2024 में CRL 1930 हासिल कर विद्यालय का नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा। इसके अलावा अनुष्का खूँटेटा, वृंदा अग्रवाल, वृंदा साबू और विधि चांडक ने सफलता हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के मानद सचिव महोदय, श्री घनश्याम जी कचौलिया और प्रधानाध्यापिका डॉ. सुनीता वशिष्ठ ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




## विद्यालय की अध्यापिका जुड़ीं CBSE पाठ्यक्रम से

पुराने युद्धों के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षित करने की सीबीएसई की नवीन परियोजना के अनुसार कक्षा 9 के विद्यार्थियों के लिए इतिहास के नवीन पाठ्यक्रम को यूनेस्को के साथ मिलकर बनाया जा रहा है, जिसमें एक्सपर्ट के रूप में mgps की पी.जी.टी. अध्यापिका अर्चना भार्गव शामिल होंगी।


दैनिक भास्कर जयपुर सिटी भास्कर 23-06-2024

न्यू इन सिलेबस • 9वीं के छात्र हिस्ट्री में पढ़ेंगे 'होलोकॉस्ट द राइज ऑफ नाजिज्म इन यूरोप'

**सीबीएसई ने यूनेस्को के साथ मिलकर बनाया होलोकॉस्ट एजुकेशन फ्रेमवर्क, एक्स्ट्रा क्रेडिट स्कोर देंगे, एग्जाम नहीं होगा**

पीजीटी हिस्ट्री अर्चना भार्गव

## सिद्धि शर्मा ने अंतरिक्ष में ढूँढ़ा क्षुद्र ग्रह

mgps का लक्ष्य सिर्फ चाँद-सितारों को छूना ही नहीं है वरन् नवीन ग्रहों को खोजना और उन्हें अपने नाम की पहचान भी देना है। mgps की प्रतिभावान छात्रा सिद्धि शर्मा ने नासा के पार्टनरशिप में 3-28 मई 2024 के दौरान पृथ्वी के निकट व मुख्य बैल्ट में मौजूद क्षुद्र ग्रहों के अवलोकन हेतु पैन स्टार्स द्वारा प्रस्तुत छवियों के विश्लेषण अभियान में भाग लिया था। सिद्धि द्वारा खोजे गए क्षुद्र ग्रह को अब सिद्धि के नाम से जाना जाएगा।




International Astronomical Search Collaboration

Siddhi Sharma

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में जीता पदक

विद्यालय की प्रतिभावान छात्रा शगुन माहेश्वरी ने SOF International Social studies Olympiad में ज़ोनल राउंड में 5वाँ स्थान और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 6 स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।



## Indian Air Force में प्रिया मालपानी बनीं फ्लाइंग ऑफिसर

mgps की ठोस ज़मीन से अपने व्यक्तित्व को सँवारते हुए और गुणों को ग्रहण करते हुए विद्यालय की पूर्व प्रतिभावान छात्रा प्रिया मालपानी ने Indian Air Force में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में कदम रख विद्यालय का नाम आसमान की अनंत ऊँचाइयों पर लिख दिया है। प्रिया, विद्यालय की NCC कैडेट के रूप में 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय परेड का हिस्सा रह चुकी हैं। विद्यालय के मानद सचिव श्री घनश्याम जी कचौलिया और प्रधानाध्यापिका डॉ. सुनीता वशिष्ठ ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।



## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ व संयमित जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया




दी एजुकेशन कमेटी ऑफ द माहेश्वरी समाज द्वारा माहेश्वरी सीनियर सैकंडरी विद्यालय, तिलक नगर के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके संचालन के उत्तरदायित्व का कुशल निर्वहन माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर विद्यालय द्वारा किया गया। माहेश्वरी शिक्षा समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों के 1,100 से अधिक स्टाफ सदस्यों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। आमंत्रित अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन द्वारा बताया कि आज की व्यस्ततम जीवन शैली में हमारी प्राचीन संपदा योग ही समस्त रोगों से मुक्ति का एकमात्र उपाय है। योग कार्यक्रम में प्रार्थना, ध्यान व विविध योगासनों के माध्यम से एक सकारात्मक एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम समाप्ति पर माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर के मानद् सचिव सीए. गणेश बांगड़ ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथिगण, मीडिया समूह व सभी सक्रिय कारकों के प्रति आभार प्रकट किया।



### अनुशासन व देशभक्ति में खिला बचपन

3 Raj Naval NCC Unit जयपुर द्वारा 10 जून से 19 जून तक टैगोर इंटरनेशनल स्कूल मानसरोवर में Annual Training Camp 2024 आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य कैडेट्स को आत्मानुशासित, आत्मनिर्भर बनाना तथा देश सेवा हेतु प्रेरित करना था।

इस दस दिवसीय शिविर में कैडेट्स को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने हेतु



विभिन्न शारीरिक गतिविधियों जैसे व्यायाम, योगा, परेड का दैनिक अभ्यास करवाया गया। कैडेट में जीवनोपयोगी कौशल अभिवृद्धि हेतु आपदा प्रबंधन, आत्मरक्षा, अग्निशमन, यातायात नियमों आदि पर प्रायोगिक कार्यशालाओं व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ जैसे एकल व समूह नृत्य गायन व प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कैडेट कशिश मीणा ने अपनी नृत्य कुशलता का परिचय देते हुए एकल नृत्य प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया तथा निष्ठा शर्मा ने मंच संचालन में, विहान मेहता ने की-बोर्ड वादन में व महित शुक्ला ने बाँसुरी वादन में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया।

### उपलब्धियाँ: गौरव के पल

- JEE Advance-2024 परीक्षा में विद्यालय के विद्यार्थियों में गौरव खंडेलवाल ने CRL-8645,



प्रियांशु बंसल ने CRL-12499, मोहित चौधरी ने CRL-13866, चिराग नाहर ने CRL-16492, लक्ष्य शर्मा ने GEN-EWS-4501, सानिध्य झालानी ने CRL-23606, मिहिर सिंह कुमावत ने OBC [NCL]-3272, विवेक गोठवाल ने ST-299 रैंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

- NEET- 2024 परीक्षा में विद्यालय के विद्यार्थियों में कृष्णा सोनी ने AIR 1646, चेष्टा वार्ष्णेय ने AIR 7224, उत्कर्ष गुप्ता ने AIR 7337, घनिष्ठ शर्मा ने AIR 27721, मानस शर्मा ने AIR 34837, धरा विजय ने AIR 37158, नितिषा जैन ने AIR 42220, ईषिका सोनी ने AIR 54930 व हृदया शर्मा ने AIR 70172 रैंक प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया।



## कॉलेज छात्रा को गोल्ड मेडल सम्मान




महाविद्यालय की छात्रा धारा शर्मा को मानव संसाधन प्रबंधन (एमएचआरएम) स्नातकोत्तर परीक्षा 2022 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने एवं राजस्थान विश्वविद्यालय की मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 19 जून 2024 को राजस्थान विश्वविद्यालय के 33वें दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।

दी एजुकेशन कमेटी ऑफ दी माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष श्री केदारमल भाला, शिक्षा महासचिव श्री मधुसूदन जी बिहाणी, महाविद्यालय के मानद सचिव श्री दिनेश कुमार मोदानी, भवन मंत्री श्री रामअवतार काबरा एवं प्राचार्य डॉ. रानू शर्मा ने अपार हर्ष व्यक्त किया व शुभकामना संदेश प्रेषित किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) ने पौधरोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस




05 जून 2024, जयपुर। माहेश्वरी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा पौधरोपण का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ. कीर्ति रावत ने पर्यावरण का जीवन में योगदान के विषय में बताते हुए स्वयंसेवकों को प्रकृति से जुड़ने पर बल दिया। प्राचार्य डॉ. रानू शर्मा ने वृक्षों का हमारे जीवन में क्या भूमिका है इसके बारे में विस्तार से बताते हुए स्वयंसेवकों को बधाई दी। पौधरोपण के दौरान सभी शिक्षकों के साथ महाविद्यालय परिवार ने अपनी सहभागिता की।

दी एजुकेशन कमेटी ऑफ दी माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष श्री केदारमल भाला, शिक्षा महासचिव श्री मधुसूदन जी बिहाणी, महाविद्यालय के मानद सचिव श्री दिनेश कुमार मोदानी व भवन मंत्री श्री रामअवतार काबरा ने शुभकामना संदेश प्रेषित किया।




## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महाविद्यालय परिवार की सहभागिता

दी एजुकेशन कमेटी ऑफ दी माहेश्वरी समाज की तरफ से 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन माहेश्वरी हायर सेकंडरी स्कूल तिलक नगर, जयपुर में दिनांक 21 जून 2024 को आयोजित किया गया। इस आयोजन में माहेश्वरी पीजी कॉलेज ने भी भाग लिया।



# दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

## माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, बगरू © 2983705, 8114410588

### योग दिवस



21 जून, योग दिवस के अवसर पर माहेश्वरी समाज द्वारा माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, तिलक नगर के प्रांगण में दसवें योग महाकुंभ का आयोजन किया गया।


इस अवसर पर ईसीएमएस के अध्यक्ष श्रीमान केदार मल जी भाला, महासचिव श्री मधुसूदन जी बिहानी एवं अन्य सम्माननीय पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, अजमेर रोड के सचिव श्रीमान श्याम सुंदर जी तोतला, भवन सचिव श्रीमान अरविंद जी मांधनिया, प्रधानाचार्या श्रीमती दलजीत कौर, शिक्षक गणों एवं सहायकगणों सहित ईसीएमएस के सभी संचालित विद्यालयी शाखाओं ने भी आयोजन में भाग लेकर योगाभ्यास किया। मुख्य अतिथि श्रीमान दीपक जी माहेश्वरी ने योग की मुद्राओं एवं सूर्य नमस्कार द्वारा परोक्ष और अपरोक्ष रूप से उपस्थित सदस्यों को योग अभ्यास करवाया एवं योग का महत्व बताया। इसी क्रम में बच्चों के एक समूह द्वारा योग की कुछ मुद्राओं की शानदार प्रस्तुति की गई।

### एमपीएस संस्कृति के विद्यार्थियों का पुनरागमन एवं स्वागत

24 जून 2023 को ग्रीष्मावकाश के बाद एमपीएस संस्कृति के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विद्यालय के प्रथम दिवस पर माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की, उसके पश्चात बच्चों के नन्हें -नन्हें हाथों की छाप ली गई।



### गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएँ




### प्राथमिक उपचार गतिविधि



संस्कृति के नन्हे-मुन्ने बच्चों को प्राथमिक उपचार गतिविधि का एक लघु नाटक के माध्यम से महत्व को समझा गया तथा छोटे-छोटे बच्चों को प्राथमिक उपचार पेटिका के बारे में जानकारी दी गई तथा जरूरत पड़ने पर उसमें रखी दवाइयों जैसे डिटोल, बाम, बेन्डेज, दर्द निवारक गोलियों का प्रयोग करना सिखाया गया।

### एन.सी.सी. अभ्यास गतिविधि

एम पी एस, कालवाड़ रोड में संचालित होने वाले 10 दिवसीय एनसीसी शिविर में अन्य विद्यालयों की छात्राओं संग भाग लिया, जहां उन्हें विविध प्रकार की गतिविधियां करवाई गई जिसमें सांस्कृतिक गतिविधि के अंतर्गत हमारे विद्यालय की छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।



### विशेष प्रार्थना सभा

नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत नशे के दुष्प्रभाव व परिणाम के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।



दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर


**एम.पी.एस. इंटरनेशनल,** भाभा मार्ग, तिलक नगर ✆ 2621544, 2621545

## विज्ञान उद्यान का शैक्षणिक भ्रमण



विद्यालय में कक्षा 7 के छात्रों ने विज्ञान उद्यान का भ्रमण किया जिसके अंतर्गत छात्रों ने ट्रैफिक पार्क, तारामंडल व बायो लैब से संबंधित विशेष जानकारियाँ प्राप्त कीं। तारामंडल छात्रों के लिए विशेष आकर्षण रहा। छात्रों ने भौतिक विज्ञान के कठिन सिद्धांतों को भी सीखा। साथ ही छात्रों ने 3D थिएटर एवं उसकी कार्य प्रणाली और अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित विशिष्ट जानकारियाँ भी प्राप्त की। बायो लैब का भ्रमण करते हुए निरीक्षक द्वारा छात्रों को प्राचीन चिकित्सा पद्धति एवं उसके विकास के सभी चरणों के बारे में भी विस्तार से समझाया गया। विद्यालय सचिव Er. दीपक जी शारदा (कंप्यूटर इंजीनियर), एम.एम.सी. मेंबर्स श्री मनमोहन जी भूतड़ा एवं राजकुमार जी अजमेरा और प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा ने छात्रों को यह आश्वासन दिलाया कि आगे भी पूर्ण सत्र में शैक्षणिक भ्रमण के लिए और भी योजनाएँ बनाई जाएंगी जो कि विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन एवं मनोरंजन में सहायक होंगी।

## सेशन फॉर यंग एंटरप्रेन्योर



विद्यालय में युवा उद्यमी क्लब के विद्यार्थियों के लिए एक मोटिवेशनल सेशन का आयोजन किया गया। 'मिस कुर्ती' के फाउंडर और सीईओ श्री शान मूंदड़ा रिसोर्स पर्सन के रूप में शामिल हुए। श्री मूंदड़ा जयपुर के यंग एंटरप्रेन्योर हैं, उन्होंने अपने सफल व्यावसायिक जीवन यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि जीवन के शुरुआती दौर में अगर हम अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसको पाने का सतत् प्रयास करें तो निश्चित तौर पर सफलता मिलती है। व्यावसायिक जीवन में सफलता पाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से अपनी रचनात्मकता और सृजनात्मक का प्रयोग करते हुए हम सभी देश के सफल बिजनेसमैन व एंटरप्रेन्योर बनकर देश की सामाजिक व आर्थिक उन्नति में अपना सहयोग दे सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देते हुए छात्रों की जिज्ञासाओं का शमन किया। विद्यालय भवन मंत्री श्री महेश चांडक जी, एम.एम.सी. मेंबर्स श्री राधेश्याम जी काबरा, रोशन जी अजमेरा एवं श्रीमती प्रीति जी झंवर ने छात्रों को श्री मूंदड़ा जी से प्रेरणा लेकर कुछ बड़ा और नया कर दिखाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या जी ने छात्रों में कुछ नया कर दिखाने का आशीर्वाद दिया।

# विशेष उपलब्धियाँ

## फेविक्रिएट आर्ट प्रतियोगिता में कला का अद्भुत प्रदर्शन




विद्यालय में कक्षा 4 की छात्रा हेतवी वासवानी ने मुंबई में आयोजित फेविक्रिएट आर्ट प्रतियोगिता में पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा को अपनी अनुकरणीय उपलब्धि के लिए एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले जल्द ही निक टीवी पर प्रसारित किया जाएगा। अध्यापिका निशा राठौर के निर्देशन में छात्रा ने अभ्यास करते हुए इस विशेष उपलब्धि को प्राप्त किया। विद्यालय सचिव, भवन मंत्री एवं प्राचार्या जी ने छात्रा की इस उत्कृष्ट सफलता की प्रशंसा करते हुए उसकी खूब सराहना की एवं कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु बधाई दी।

## मुनेश कँवर बनी सैकंड एनसीसी ऑफिसर



विद्यालय में शारीरिक शिक्षिका के पद पर कार्यरत मुनेश कँवर ने नेशनल केडेट कोर ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी एयर फोर्स स्टेशन ताम्बरम, चेन्नई में एएनओ की रंगारंग दीक्षांत परेड में भाग लिया। इस दीक्षांत परेड में देश भर के विभिन्न राज्यों के प्रशिक्षणार्थियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्हें प्रशिक्षण के उपरांत ऑफिसर रैंक प्रदान की गई। भारत के विभिन्न राज्यों से प्रशिक्षण के लिए आए 48 प्रशिक्षणार्थियों ने 1 माह के कठोर रिफ्रेशर कोर्स प्रशिक्षण प्रणाली को सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसमे कँवर को एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर की सेकंड ऑफिसर रैंक प्रदान की गई। एनसीसी अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी ताम्बरम के पासिंग आऊट परेड में मुनेश कँवर के कंधों पर कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन पोमुर्गन ने स्टार लगाए। विद्यालय सचिव, भवन मंत्री श्री महेश चांडक जी और प्राचार्या जी महोदया ने मुनेश कँवर को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जयपुर जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीता रजत पदक



विद्यालय में कक्षा 9 के कंदर्प शर्मा ने 17 से 23 जून तक जयपुर में आयोजित जयपुर जिला समर ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में अंडर-15 युगल वर्ग और अंडर-17 युगल वर्ग में रजत पदक जीता। विद्यालय सचिव Er. दीपक जी शारदा (कंप्यूटर इंजीनियर), और भवन मंत्री श्री महेश जी चांडक ने छात्र को इस उपलब्धि पर ढेरों बधाइयाँ दी। प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा ने छात्र को इस जीत के लिए बधाई देते हुए आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया ।



"Communication is the lifeline of any relationship.. When you stop communicating... You start loosing your valuable relationship."

■ **Er. Deepak Sharda**
School Secretary

## महेश नवमी



दिनांक 15 जून, 2024 को माहेश्वरी वंश का प्राकट्य उत्सव महेश नवमी बड़े ही जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। महेश नवमी एक हिंदू त्योहार है जो भगवान शिव को समर्पित है। यह पर्व हिंदू कैलेंडर के ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया जाता है। यह त्योहार भगवान शिव के भक्तों के लिए बहुत महत्व रखता है, जो भक्ति, आध्यात्मिकता और अच्छाई पर बुराई की विजय का प्रतीक है। उत्सव की शुरुआत रंग-बिरंगी सजावट से हुई, जिससे पूरा परिसर जगमगा उठा। धार्मिक अनुष्ठानों और सामुदायिक जुड़ाव से सराबोर दिन की शुरुआत की गई। एक पारंपरिक पूजा समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्रबंध समिति के सदस्य श्रद्धा और भक्ति के साथ शामिल हुए। अनुष्ठानों में प्रार्थना, मंत्रों का उच्चारण और आरती का आयोजन और प्रसाद वितरण शामिल था।

## अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस

3 जुलाई 2024 को, 'अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस' के अवसर पर करने इंटरैक्ट क्लब ने कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए पेपर बैग बनाने की गतिविधि आयोजित की। इस गतिविधि का उद्देश्य प्लास्टिक बैग के पर्यावरणीय प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना, प्लास्टिक बैग के स्थान पर अन्य विकल्पों के उपयोग को बढ़ावा देना, व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करना, रचनात्मकता को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों में के बीच समूह भावना का विकास करना था। इंटरैक्ट क्लब के सदस्यों ने पूरी गतिविधि के दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने वाले चित्र, स्टिकर और संदेशों के साथ अपने पेपर बैग को सजाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इससे न केवल उन्हें अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने का मौका मिला, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा दिया। गतिविधि का समापन तैयार किए गए पेपर बैग के प्रदर्शन के साथ हुआ।






## NCC Camp



1 Raj Armd Squardron की ओर से सेंट विल्फ्रेड कॉलेज में NCC Cadets के लिए दिनांक 24 जून, 2024 से 3 जुलाई, 2024 तक Annual Training Camp का आयोजन किया गया। विद्यालय की ओर से 21 कैडेट्स ने इस कैंप में भाग लिया। Cadets ने Group Drill, Individual Drill, Solo Dance, Tug of War, Volleyball प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक तथा Solo Singing में रजत पदक सहित कुल 13 पदक जीत कर विद्यालय को गौरवांवित किया। मानद् सचिव श्री अशोक कुमार मालू तथा प्राचार्या ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## Sanskriti Activities





दिनांक 3 जुलाई, 2024 को संस्कृति विद्यार्थियों के लिए Crooked Line Walk गतिविधि का आयोजन किया गया। दिनांक 4 जुलाई, 2024 को लेवल 1, 2 एवं 3 के लिए Art Activity आयोजित की गई। इन गतिविधियों को आयोजित करने का उद्देश्य शारीरिक विकास के साथ रंगों की पहचान करवाना था।

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

**एमपीएस संस्कृति, बनीपार्क** ✆ 7414020004, 7414021004, 7414081004

mps Sanskriti®
Pre Primary School
Learning-Creativity-Values

## संस्कृति बनीपार्क के रघुकुल सभागार में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान आयोजित संस्कृति की सभी पाँच शाखाओं की स्टाफ वर्कशॉप 2024 की झलकियाँ








ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूल के शुभारम्भ पर सुन्दरकाण्ड के पाठ का आयोजन किया गया



वर्ष 2024 के 10वे योग दिवस पर योग कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। यह बताया गया कि शरीर को सुगठित और मन को संतुलित करने के लिये योग का अभ्यास हर व्यक्ति के जीवन में रोजाना होना चाहिये।

HAPPY
## Father's Day

फादर्स डे के उपलक्ष्य में ऑनलाईन फायरलैस कुकिंग का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपने–अपने पापा के साथ गार्लिक ब्रैड, बर्गर, सैण्डविच, मैंगो मस्तानी इत्यादि डिश बनाई और इस मौके पर खूब मजे किये।









ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यार्थियों का स्वागत बहुत ही धूमधाम से उनको तिलक लगाकर तथा स्लाइड करवाकर किया गया, साथ ही फूल भी बरसाये गये। इस दौरान स्कूल को रंग–बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया।



छोटे–छोटे बच्चों के लिये स्कूल वापसी बहुत सारी खुशियां लेकर आयी। बच्चों के चेहरों पर प्यारी सी मुस्कान और स्कूल में फिर से इनके आने से हुई रंगत को देखकर मन बहुत ही प्रफुल्लित हुआ।